## औद्योगिक क्षेत्र रेहटा और सुखपुरी का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** प्रदेश सरकार की औद्योगिक विकास नीति के अनुरूप जिले में उद्योगों के विस्तार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को कलेक्टर हर्ष सिंह ने रेहटा, खड़कोद स्थित औद्योगिक क्लस्टर एवं सुखपुरी क्षेत्र का निरीक्षण कर विकास कार्यों और संभावनाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिंह ने उद्योग विभाग के अधिकारियों से औद्योगिक क्षेत्रों की प्रगति, भूमि की उपलब्धता तथा आवश्यक अधोसंरचना संबंधी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि औद्योगिक विकास से जुड़े सभी कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से आगे बढ़ाया जाए।

उल्लेखनीय है कि सुखपुरी को इंडस्ट्रियल बेल्ट के रूप में विकसित करने के प्रयास जारी हैं। लगभग 63.06 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित होने के बाद यह बुरहानपुर जिले का सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र होगा। वहीं लगभग 25.89 करोड़ रूपये की विकास लागत के रेहटा.खड़कोद औद्योगिक क्षेत्र एमपीआईडीसी के अंतर्गत है,जो कि 31.58 हेक्टेयर क्षेत्र में विस्तारित एवं जिसमें 155 प्लॉट है।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने टिटगांव का भी भ्रमण किया। उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से चर्चा कर क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं अपर कलेक्टर सृजन वर्मा, एसडीएम पल्लवी पुराणिक, जीएमडीआईसी सहित उद्योग, राजस्व एवं पंचायत विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## बारिश में 8 .65 किमी रोड पर गहरी खुदाई से हादसों का भय



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** जिले में नेशनल हाईवे द्वारा 8.65 किलोमीटर लंबे सीमेंट कांक्रीट रोड का निर्माण किया जा रहा है। सिंधी बस्ती से लोनी तक की यह सड़क मध्य प्रदेश-महाराष्ट्र सीमा पर स्थित है। 54.13 करोड़ रुपये की लागत से बन रही इस सड़क के लिए पांच से सात फीट गहरे गड्ढे खोदे गए हैं। स्थानीय लोगों ने इन गड्ढों को लेकर सुरक्षा चिंताएं जताई हैं, खासकर बारिश के मौसम में इनसे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है।

8 जुलाई को बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनिस ने अधिकारियों के साथ इस सड़क का निरीक्षण किया था। उन्होंने डायवर्जन प्लान तैयार करने और आम जनता को यातायात में कोई परेशानी न होने देने के निर्देश दिए थे। हालांकि सड़क के एक हिस्से में खोदे गए बड़े गड्ढे बारिश के दौरान समस्या पैदा कर सकते हैं। गड्ढों के किनारे फिलहाल बोरियां और पतले लोहे के एंगल रखे गए हैं।

यह सड़क मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र को जोड़ती है, जिससे यहां बड़ी संख्या में मालवाहक वाहनों के साथ.साथ अन्य छोटे.बड़े वाहन और महाराष्ट्र की ओर जाने वाली बसें भी गुजरती हैं। इसी कारण यहां दुर्घटना की आशंका अधिक है। लोगों ने मांग की है कि किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम किए जाएं। लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर अश्विनी सोनरिश ने स्पष्ट किया है कि यह कार्य लोक निर्माण विभाग का नहीं है। इस सड़क का निर्माण कार्य नेशनल हाईव,एनएच विभाग द्वारा किया जा रहा है।

एक रोड को एनएच विभाग की ओर से खोदा गया है। दूसरे हिस्से से वाहन आवागमन कर रहे हैं। ऐसे में यहां आए दिन जाम की स्थिति भी बनती है। रोड निर्माण के लिए एक हिस्से में 5.7 से फिट के गड्ढे किए गए हैं। निर्माण की गति धीमी भी है। इस रूट से कई छोटे गांव, महाराष्ट्र राज्य की ओर से आवागमन होता है। रास्ता फिसलन भरा हो गया है। लोग सवाल उठा रहे है कि ऐन बारिश में वक्त इतने बड़े गड्ढे क्यों खोदे गए। यहां बारिश का पानी भर जाएगा तो हादसे की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता,क्योंकि अधिकांश लोग महाराष्ट्र से मप्र की सीमा में यहीं से प्रवेश करते हैं। उन्हें रास्ते की सही जानकारी न होने पर बारिश के समय में परेशानी खड़ी हो सकती है।

सिंधी बस्ती से लोनी स्थित मप्र महाराष्ट्र की सीमा तक 8.65 किमी सीमेंट कांक्रीट रोड का निर्माण होना है। इसकी लागत 54.13 करोड़ है। अक्टूबर 2024 में इस रोड की प्रारंभिक स्वीकृति मिली थी। डीपीआर के बाद 54.13 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई। अब इसका निर्माण चल रहा है।

इसके तहत सिंधी बस्ती से कलेक्टर कार्यालय तक 14 मीटर चौड़ा फोरलेन मार्ग्र निर्माण् किया जाएगा। इसके बाद कलेक्टर कार्यालय से लोनी स्थित मप्र महाराष्ट्र सीमा तक 7 मीटर चौड़ा टू लेन सीमेंट कांक्रीट रोड बनेगा। तीन नई सहित 11 पुलियाएं बनेगी। 4 नए बॉक्स कल्वर्ट का निर्माण किया जाएगा।

## जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अर्वाचीन इंडिया के खिलाड़ियों का उम्दा प्रदर्शन, संभाग के लिए चयन



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की अपनी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए अर्वाचीन इंडिया स्कूल में जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मेजबान अर्वाचीन इंडिया स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न वर्गों में अपना दबदबा बनाया और बड़ी संख्या में संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

जिला खेल अधिकारी गोपाल चौधरी के मार्गदर्शन में आयोजित प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग के सीनियरए जूनियर एवं मिनी वर्ग की स्पर्धाएं संपन्न हुईं। खिलाड़ियों के बीच हुए रोमांचक मुकाबलों ने उपस्थित दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया तथा जिले में टेबल टेनिस के बढ़ते स्तर की झलक प्रस्तुत की।

बालक सीनियर वर्ग में मोहक गुंजाल ;अर्वाचीन इंडिया स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चयन प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में आदेश हिरवाले ;अर्वाचीन इंडिया स्कूल एवं दत्त राज चौधरी ;अर्वाचीन इंडिया स्कूल ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। मिनी वर्ग में आर्यन गुप्ता, अर्वाचीन इंडिया स्कूल और सूर्यांश पंवार, अर्वाचीन इंडिया स्कूल ने भी अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए स्थान बनाया।

बालिका सीनियर वर्ग में लतीशा सुगंधी, अलेफिया सैफी, दुर्वाक्षी महाजन, अनुष्का महाजन तथा संस्कृति पाटिल सभी अर्वाचीन इंडिया स्कूल का चयन हुआ। वहीं मिनी बालिका वर्ग में तपस्या पटेल, अर्वाचीन इंडिया स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया।

प्रतियोगिता के सफल संचालन में जिला खेल अधिकारी गोपाल चौधरी के साथ कन्या शाला स्कूल से भगवान महाजन, हरीरपुरा उर्दू स्कूल से हितेंद्र शाह, क्वाडारिया स्कूल से अभिजीत थोमरे तथा जाकिर हुसैन स्कूल से श्याम महाजन ने निर्णायक एवं तकनीकी सहयोग प्रदान किया। मेजबान अर्वाचीन इंडिया स्कूल की ओर से अकादमिक प्रमुख दीप्ति पोदियान, मानव संसाधन प्रबंधक पायल टंडन, खेल शिक्षक मयूर धाबे एवं मुकेश लिखितकर सहित विद्यालय परिवार ने प्रतियोगिता की उत्कृष्ट व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं, जिसकी खिलाड़ियों एवं उपस्थित खेल अधिकारियों ने सराहना की।

प्रतियोगिता में चयनित सभी खिलाड़ी अब इंदौर में आयोजित होने वाली संभाग स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में बुरहानपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। अर्वाचीन इंडिया स्कूल शिक्षा के साथ.साथ खेलों में भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। यह सभी आधुनिक खेल सुविधाओं और नियमित प्रशिक्षण और अनुभवी प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन का ही परिणाम है।

## बस स्टैंड क्षेत्र में हाईवे पर खड़े क्रूज़र, मैजिक वाहनों पर कार्रवाई



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** एसपी आशुतोष बागरी के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप शेण्डे व नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से विशेष यातायात अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान थाना प्रभारी यातायात राजेश बारवाल एवं स्टाफ द्वारा बुरहानपुर बस स्टैंड के बाहर सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े क्रूज़र एवं मैजिक वाहनों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई। इन वाहनों के कारण प्रतिदिन यातायात बाधित होने के साथ.साथ जाम की स्थिति निर्मित हो रही थीए जिससे आम नागरिकों एवं यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था।

**अभियान के दौरान की गई प्रमुख कार्रवाई:-** बस स्टैंड के बाहर सड़क किनारे खड़े क्रूज़र व मैजिक वाहनों को मौके से हटवाया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। दरियापुर मार्ग पर सड़क किनारे वाहन खड़े कर सवारी भरने वाले ऐपे वाहनों की विशेष जांच कारखाना करने से हटाया गया। वाहन चालकों से वाहन संबंधी आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। दस्तावेज अपूर्ण अथवा उपलब्ध नहीं पाए गए, उन्हें चालानी कार्रवाई के लिए कार्रवाई की। सभी वाहन चालकों को भविष्य में सड़क किनारे वाहन खड़ा कर सवारी न भरने एवं निर्धारित स्थान से ही संचालन करने की सख्त समझाइश दी गई। अव्यवस्थित पार्किंग हटने से बस स्टैंड क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुचारू हुई।

## एक नजर में

### सेवा सदन महाविद्यालय में नशा मुक्त उन्मूलन अभियान



**बुरहानपुर।** सेवासदन महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग के दिशा निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना के नेतृत्व में नशा मुक्ति उन्मूलन अभियान चलाया जिसमें निबंध, चित्रकला प्रतियोगिता व नशे के कारण होने वाली समस्या तथा उसके प्रभाव पर व्याख्यान का आयोजन कर विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पोस्टर बैनर के साथ नारा भी लगाया ,नशे से दूरी है जरूरी। उक्त कार्यक्रम सेवासदन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. एम. शकील के मार्गदर्शन व राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम प्रभारी डॉ राजेश काले के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की सफलता पर सेवासदन षिक्षा समिति की अध्यक्ष श्रीमती तारिका वीरेन्द्रसिंहजी ठाकुर, सचिव हंसमुखलाल जरीवाला ने हर्ष व्यक्त कर कार्य की सराहना की।

### स्व . संजय यादव को दी श्रद्धांजलि



**बुरहानपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा की ओर से पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष स्वर्गीय संजय यादव को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस शोक सभा में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजू पाटिल,कार्यालय प्रभारी एवं एल्डरमैन विपुल कानूनगो ,पूर्व महामंत्री डॉ.दीपक वाभले, उपाध्यक्ष प्रभाकर चौधरी,जिला उपाध्यक्ष प्रशांत पाटिल एवं पूर्व महामंत्री रूपेश लिहंनकर उपस्थित रहे। साथ ही गुडाकेश पाटिल, विनोद पाटिल, संदीप पाटिल, कार्यालय मंत्री करण प्रजापति, सह कार्यालय मंत्री अशोक राठौड़, पंकज लश्करे ,सह मीडिया प्रभारी राजेश चौधरी, विनोद पवार, गजानन पाटिल, विष्णु पाटिल एवं मयूर पाटील सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

### मुनिश्री कुन्थुसागर का केश लोचन



**बुरहानपुर।** यहां वर्षायोग के लिए विराजित परमपूज्य मुनिश्री कुन्थुसागर महाराज ने जैनमुनि चर्या के अनुसार अपने हाथों से सिर, दाढ़ी-मूछ के केशों का लुन्च करके केशलोंच क्रिया सम्पन्न की। यहां उल्लेखनीय है कि दिगम्बर जैन साधु परम्परा में प्रत्येक साधु को हर दो माह में केशलोंच करना आवश्यक होता है ताकि इनमें कोई जीव उत्पन्न न हों। यह जानकारी देते हुए डॉ.सुरेन्द्र जैन भारती ने बताया कि जैनमुनियों के 28 मूलगुणों में यह केशलोंच अनिवार्य मूलगुण है। जिस दिन साधु केशलोंच करते हैं उस दिन अन्न.जल का त्याग कर उपवास करते हैं। सम्मूर्च्छन जीवों के परिहार के लिए,शरीर से राग भाव को दूर करने के लिए,अपनी शक्ति प्रगट करने के लिए तथा संयम और तपश्चरण के लिए केशलोंच किया जाता है। मुनिश्री के केशलोंच से तीन दिन पूर्व क्षुल्लक अटलसागर जी महाराज ने भी केशलोंच किये थे। शास्त्र सभा में मंगलाचरण अंकित जैन ठोलिया ने किया। गुरुभक्ति में पंकज कासलीवाल, संदीप ठोलिया, दिलीप कासलीवाल संलग्न रहे। सायंकालीन गुरुभक्ति एवं कहानी वाचन के क्रम में पेड़ की गवाही पर प्रश्नोत्तर किये गये।

## नेपा लिमिटेड की वनभूमि हो राजस्व जमीन



**नवभारत न्यूज, नेपानगर।** नेपा मिल के आधिपत्य से वन भूमि राजस्व में परिवर्तित करने के लिए कलेक्टर बुरहानपुर द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उपखण्ड नेपानगर को प्राधिकारी नियुक्त किया गया था। एसडीएम नेपानगर द्वारा 05 फरवरी 2026 को वनभूमि को राजस्व भूमि में बदलने के लिए 08 सदस्यीय दल गठित किया गया। दल प्रभारी तहसीलदार जगन वास्कले,सहायक नरेन्द्र परिहार वन परिक्षेत्र अधिकारी नेपानगर, नेपा लिमिटेड के सम्पदा अधिकारी राकेश स्वामी, दीपक ठाकुर व अन्य शामिल थे। दल द्वारा 04 मई 2026 को मौके का मुआयना कर पंचनामा बनाया गया। तहसीलदार नेपानगर ने उसी दिन जांच रिपोर्ट एसडीएम को सौंपी। इसके आधार पर कलेक्टर बुरहानपुर द्वारा नेपा लिमिटेड के पास लीज पर स्थित 94.05 एकड़ वनभूमि को राजस्व भूमि में परिवर्तित किए जाने का प्रस्ताव मध्यप्रदेश शासन को प्रस्तुत किया गया है। इस प्रस्ताव के भेजे जाने के बाद उम्मीद जागी है कि जल्द ही शहर के लोगों को पीएम आवास सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने लगेगा। यह मांग नगर पालिका उपाध्यक्ष सरला प्रवीण काटकर की ओर से की गई थी।

**शहर विकास को मिलेगी गति:-**नपा उपाध्यक्ष सरला प्रवीण काटकर ने कहा नगरीय क्षेत्र नेपानगर जो विधानसभा मुख्यालय के साथ एशिया की सबसे बड़ी अखबारी कागज फैक्ट्री के लिए जाना जाता हैए एक आदिवासी बहुल क्षेत्र है। तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा वर्ष 1956 में स्थापित नेपा लिमिटेड के लिए शहर विकास के लिए वन विभाग की भूमि लीज पर दी गई थी। तब से यह भूमि नेपा लिमिटेड के अधिपत्य में है। मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 1987.88 में साडा व टप्पा कार्यालय की स्थापना की गई। मई 1995 में साडा के स्थान पर नगर पालिका परिषद नेपानगर का गठन हुआ। नगर को 24 वार्डों में विभाजित किया गया इसमें से 05 वार्ड राजस्व भूमि पर वार्ड 01 से 09 तक, 16, 17 व 18 का आधा भाग वन भूमि पर, वार्ड 10 से 13, 19, 20 व 18 का आधा भाग राजस्व भूमि पर जो नेपा लिमिटेड को मप्र शासन, भारत सरकार भारी उद्योग मंत्रालय द्वारा शासकीय पट्टे पर दिया गया है। वार्ड 21 नेपा लिमिटेड के स्वयं के नाम की भूमि पर हैए जहां कर्मचारियों को बसाया गया है। वर्तमान में नगर की साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत, अन्य जनसुविधाओं का निर्वहन नगर पालिका परिषद कर रही है। भारत सरकार भारी उद्योग मंत्रालय व मप्र शासन के बीच सितम्बर 2017 में आपसी समझौता हुआ था। नगर पालिका द्वारा शर्तों का पालन किया जा रहा है, परंतु नेपा लिमिटेड द्वारा असमर्थता जताए जाने से क्षेत्र में विकास कार्य व योजनाओं का क्रियान्वयन संभव नहीं हो पा रहा है।

## जैविक खेती और अंतरवर्तीय फसल पद्धति से बढ़ रही किसानों की आय : कलेक्टर



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** कृषक कल्याण वर्ष अंतर्गत किसानों की आय में वृद्धि तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिये निरंतर प्रयास जारी है। इसी क्रम में गुरुवार को कलेक्टर हर्ष सिंह ने ग्राम टिटगांवकलां में कृषक उदय महाजन के खेत पर आयोजित तुअर,उड़द एवं सोयाबीन की अन्तवर्तीय फसल प्रदर्शन का अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने फसल की प्रगति का जायजा लिया। इस अवसर पर बताया गया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन,दलहन के अंतर्गत प्रदर्शन हेतु तुअर की उन्नत किस्म भीमा उपलब्ध कराई गई है। वहीं बीज वितरण कार्यक्रम के तहत उड़द की उन्नत किस्म आई.पी.यू .13.1 प्रदान की गई है। कृषक उदय महाजन द्वारा जैविक पद्धति से अन्तवर्तीय खेती की जा रही है। कलेक्टर श्री सिंह ने खेत में विकसित फसल का अवलोकन करते हुए खेती के इस मॉडल की सराहना की। उन्होंने कहा कि अन्तवर्तीय एवं जैविक खेती से उत्पादन बढ़ाने के साथ.साथ किसानों की आय में भी वृद्धि होगी।

इस दौरान कलेक्टर सिंह ने कृषक उदय से संवाद करते हुए जैविक खेती से आ रहे परिणामों एवं पौष्टिक उत्पादों की जानकारी ली। कृषक उदय ने बताया कि उन्हें जैविक खेती से लाभ मिल रहा है। जैविक खेती में कम मेहनत लगती हैए वे अपने खेतों में जैविक खाद बनाकर उसका इस्तेमाल करते है। इससे उत्पादन में वृद्धि हुई है। उन्होंने कृषि विभाग के माध्यम से जैविक खेती के संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इस दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने जैविक रूप से हल्दी फसल की खेती का भी अवलोकन किया।

इस दौरान सीईओ जिला पंचायत एवं अपर कलेक्टर सृजन वर्मा,अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पल्लवी पुराणिक, उपसंचालक कृषि एम.एस.देवके, उपसंचालक उद्यानिकी एस.आर. चौहान, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत संजय सिंह उपस्थित रहे।

## सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया भारतीय मजदूर संघ का 72वां स्थापना दिवस



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** भारतीय मजदुर संघ का 72 वा स्थापना दिवस बुरहानपुर मे सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया। सर्व प्रथम भारत माता,भगवान विश्वकर्मा और भारतीय मजदुर संघ के संस्थापक दत्तोपंत थेगड़े जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष अंकित जी वैध , कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दिलीप इंगले और अतिथि श्री सतीष महाजन भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री रहे। कार्यक्रम का संचालन देवीदास विश्वकर्मा जिला अध्यक्ष सेवा निवृत अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स महासंघ बुरहानपुर ने किया इस अवसर पर आशा, उषा कार्यकर्ता , आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ए सेवा निवृत अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स महासंघ से प्रमोद जावले,कोषाध्यक्ष राजेश मिश्रा, संभागीय सह सचिव,लक्ष्मण म्हाले,अनिल खत्री,आसिंफ पिंजरी कार्यकारी अध्यक्ष मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ एवं बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित मातृ शक्ति उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पुलिस का नशा मुक्ति जागरूकता अभियान, नशे से दूरी है जरूरी 2 .0 के तहत किए कई आयोजन

## नशे से दूरी है जरूरी... हमारा यही संकल्प नाश मुक्त हो मप्र के नारे से गूंजा बुरहानपुर





**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप शेण्डे एवं नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में जिले में अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत जिले के सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में स्कूल-कॉलेज एवं शिक्षण संस्थाओं,में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए स्क्रीन द्वारा माल एवं चौराहों पर शॉर्ट मूवी दिखाई गई बस स्टैंड यातायात साधनों मैं जागरूक कार्यक्रम आयोजित कर पंपलेट चस्पा कर दिया नशा मुक्ति का संदेश एवं नशे के सामाजिक, मानसिक, शारीरिक एवं नैतिक दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया।

थाना कोतवाली पुलिस स्टाफ द्वारा नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत बस स्टैंड टेंपो स्टैंड पर राहगीरों को जागरूक किया गया नशे के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी गई शपथ दिलवाई गई पंपलेट वितरित किए गए। थाना शिकारपुरा द्वारा अभियान के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम जैनाबाद में बच्चों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया गया। एवं पंपलेट विपरीत किए गए। शपथ दिलवाई गई।

थाना लालबाग पुलिस द्वारा अभियान के सागर टावर लालबाग रेलवे स्टेशन में राहगीरों को अभियान के तहत जागरूक किया गया नशे के दुष्परिणामों के बारे से अवगत कराया गया शपथ दिलवाई गई। एवं पंपलेट वितरण किए गए। थाना गणपतिनाका द्वारा अभियान नशे से दूरी है जरूरी 2.0 के तहत ग्राम बोरगांव में उपस्थित ग्राम वासियों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया। पंपलेट वितरित किए गए। शपथ दिलवाई गई। थाना नेपानगर पुलिस द्वारा शासकीय हाई स्कूल अंबाडा, हाई स्कूल सिविल नेपानगरए मैं कार्यक्रम आयोजित कर स्कूली बच्चों एवं टीचर स्टाफ को नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं बस स्टैंड पर आने जाने वाले राहगीरों को जागरूक किया गया। शपथ दिलवाई गई पंपलेट वितरित किए गए। थाना निंबोला पुलिस द्वारा अभियान के तहत निंबोला बस स्टैंड पर आने.जाने वाले राहगीरों एवं बसों में यात्रा करने वाले लोगों को जागरूक किया गया। नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। पंपलेट वितरित किए गए एवं नशा मुक्ति की शपथ दिलवाई गई। थाना शाहपुर द्वारा नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत ग्राम शाहपुर में लगे है हॉट बाजार मैं ग्राम वासियों को अभियान के तहत जागरूक किया गया। नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया।शपथ दिलवाई गई एवं पंपलेट वितरित किए गए।

चौकी धूलकोट मैं नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर धूलकोट में कार्यक्रम आयोजित कर उपस्थित जनमानस को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया एवं इसको अपनी जिंदगी से दूर करने हेतु अपील की गई। शपथ दिलवाई गई एवं पंपलेट वितरित किए गए। डेड तलाई चौकी द्वारा ग्राम शेखपुरा, दाहींडा, राय तलाई मैं ग्राम वासियों को अभियान के तहत जागरूक किया गया। नशे के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी गई शपथ दिलवाई गई एवं पंपलेट वितरित किए गए।

थाना अजाक द्वारा शासकीय माध्यमिक विद्यालय ग्राम बहादुरपुर में छात्रध्छात्राओं को अभियान के तहत जागरूक किया गया। शपथ दिलवाई गई एवं पंपलेट वितरण किए गए। महिला थाना द्वारा दयानंद आर्यन वैदिक विद्यापीठ ग्राम बहादुरपुर में अभियान के तहत स्कूली बच्चों को जागरूक किया गया एवं नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में अवगत कराया गया। शपथ दिलवाई गई एवं पंपलेट वितरण किए गए। चौकी नावरा द्वारा ग्राम दूधिया मैं अभियान के तहत ग्रामवासियों को जागरूक किया गया नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया।